तापमान
अधिकतम 26.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# कांकेर भूमि
रायपुर, बुधवार 29 जुलाई 2026

14 नक्सली बैनर प्रकरण पर गरमाई सियासत...

14 वार्ड-वार्ड पहुंचे स्वास्थ्य मंत्री, मरीजों का थामा हाथ...




हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
सामान्य कूपन
29 जुलाई 2026
कूपन नं.
9

# गट्टाकाल और दरवीकोड़ो जंगल की पहाड़ी में मिला नक्सलियों का जखीरा

*गट्टाकाल और दरवीकोड़ो के मध्य स्थित घने जंगल एवं पहाड़ी क्षेत्र में छिपाकर रखे गए नक्सल डम्प का पर्दाफाश करते हुए डीआरजी, बीएसएफ और बीडीएस की संयुक्त टीम ने हथियार, भारी मात्रा में गोला-बारूद, बीजीएल सेल, डेटोनेटर, बारूद तथा अन्य नक्सली सामग्री बरामद की। बरामद विस्फोटक सामग्री को सुरक्षा की दृष्टि से मौके पर ही डिफ्यूज कर नष्ट कर दिया गया।*


हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

जिले के संवेदनशील और सीमावर्ती क्षेत्रों में पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज बद्री नारायण मीणा के निर्देशन, डीआईजी बीएसएफ भानुप्रतापपुर दीपक तिवारी, पुलिस अधीक्षक कांकेर निखिल राखेचा तथा 40वीं वाहिनी बीएसएफ कोयलीबेड़ा के सेनानी रणधीर सिंह गिल के मार्गदर्शन में लगातार नक्सल विरोधी अभियान चलाया जा रहा है।

इसी अभियान के तहत 27 जुलाई को संयुक्त सुरक्षा बलों ने गटटाकाल-दरवीकोड़ो के मध्य जंगल-पहाड़ी क्षेत्र में सघन सर्चिंग अभियान चलाया। सर्चिंग के दौरान सुरक्षा बलों को नक्सलियों द्वारा छिपाकर रखा गया डम्प मिला, जिसे रिकवर करने में सफलता मिली। बरामद विस्फोटक सामग्री को देखते हुए बीडीएस टीम ने तत्काल सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए बीजीएल सेल, डेटोनेटर और बारूद को मौके पर ही सुरक्षित तरीके से डिफ्यूज कर नष्ट कर दिया, जिससे किसी भी संभावित खतरे को टाला जा सका।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सीमावर्ती और संवेदनशील इलाकों में डीआरजी, बीएसएफ एवं बीडीएस की संयुक्त टीमों द्वारा अतिरिक्त सतर्कता के साथ लगातार सर्चिंग अभियान संचालित किया जा रहा है।

**डीआरजी, बीएसएफ और बीडीएस की संयुक्त कार्रवाई**



कई विस्फोटक को मौके पर डिफ्यूज कर नष्ट किए गए

### नक्सलियों के डंप से मिली यह सामग्री

*घने जंगल में एक यूबीजीएल, एक देशी कट्टा, दो यूबीजीएल सेल, दो एके-47 राउंड, 14 नग .303 रायफल राउंड, 99 एसएलआर राउंड, 21 नग 8 एमएम राउंड, 23 नग 9 एमएम पिस्टल राउंड, दो एके-47 मैग्जीन, एक एसएलआर मैग्जीन, 10 बीजीएल सेल, 10 बीजीएल राउंड, 20 डेटोनेटर, लगभग 10 किलोग्राम फटाका बारूद, एक बाइनाकुलर सहित अन्य नक्सली सामग्री बरामद की गई।*

## खबर संक्षेप




### सीमा पर तैनात जवानों को भेजी जाएगी राखी

**कोरर।** रक्षा सूत्र के पावन पर्व पर देश की सीमाओं की रक्षा में तैनात वीर जवानों के सम्मान और कृतज्ञता स्वरूप छत्तीसगढ़ में संचालित ऑपरेशन सिपाही रक्षा सूत्र अभियान-2026 के तहत परियोजना भानुप्रतापपुर से 6570 हस्तनिर्मित राखियां एकत्र की गई। सभी राखियां परियोजना अधिकारी ममता सुखदेव को सौंपी गईं, जिन्हें 30 जुलाई तक जिला कार्यालय भेजा जाएगा। यह राखी अंत में नई दिल्ली स्थित सेना मुख्यालय पहुंचाकर देशभर के विभिन्न मोर्चों पर तैनात सैनिकों तक भेजी जाएंगी।

### स्वास्थ्य मंत्री का कलेक्टर ने किया आत्मीय स्वागत



**कांकेर।** प्रदेश के लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल मंगलवार को सुबह शासकीय विश्राम गृह पहुंचे। उनके आगमन पर कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर और विभागीय अधिकारियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। मंत्री के साथ कांकेर पहुंचे विभाग के सचिव अमित कटारिया एवं संचालक डॉ. संजीव झा का भी स्वागत किया गया। इस अवसर पर सीएमएचओ डॉ. आरसी ठाकुर, मेडिकल कॉलेज कांकेर की डीन डॉ. यास्मीन खान सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारीगण उपस्थित थे।

### कदम के फूलों संग लौट रही मुस्कान



**पखांजूर।** वर्षा ऋतु में परलकोट क्षेत्र में खिले कदम के सुगंधित फूल बच्चों के पारंपरिक खेलों का आकर्षण बने हुए हैं। शाम ढलते ही बच्चे कदम के गोलाकार फूलों को गेंद की तरह इस्तेमाल कर दौड़ और पकड़म-पकड़ाई जैसे खेल खेल रहे हैं। ग्रामीण गोपाल ब्रह्मचारी और पल्लव मंडल ने बताया कि कदम के फूल बच्चों को प्रकृति से जोड़ रहे हैं। पर्यावरण प्रेमियों ने कदम के वृक्षों के संरक्षण और अधिक से अधिक पौधारोपण पर जोर दिया।

### पीएमश्री स्कूल के विद्यार्थी शैक्षणिक भ्रमण पर रवाना

अंतागढ़। पीएमश्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अंतागढ़ के कक्षा 7 वीं से 10 वीं तक के 300 विद्यार्थी को रायपुर के शैक्षणिक भ्रमण पर रवाना हुए। पांच बसों में 25 शिक्षकों की निगरानी में निकले दल को शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष बंटी राजपूत, उपाध्यक्ष विश्राम सिंह गावड़े, सदस्य हरिशंकर नेताम तथा अन्य सदस्यों ने पालकों की उपस्थिति में हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। भ्रमण के दौरान विद्यार्थी विधानसभा, साइंस सेंटर, आदिवासी संग्रहालय और नंदनवन जंगल सफारी का अवलोकन करेंगे। विद्यालय प्रबंधन के अनुसार यह भ्रमण विद्यार्थियों के व्यावहारिक ज्ञान, वैज्ञानिक सोच और नेतृत्व क्षमता के विकास में सहायक होगा।

### स्वास्थ्य सचिव ने कहा-आश्रम-छात्रावासों में स्क्रीनिंग कवरेज आगामी 15 दिनों में पूर्ण करें

# नक्सलमुक्त बस्तर की तर्ज पर बस्तर संभाग को बनाया जाएगा मलेरियामुक्त

*प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल मंगलवार 28 जुलाई को जिला मुख्यालय पहुंचकर बस्तर संभाग के स्वास्थ्य अधिकारियों की बैठक लेकर विभागीय प्रगति की जानकारी ली तथा महत्वाकांक्षी योजनाओं के जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन की समीक्षा किया। उन्होने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की इच्छाशक्ति से जिस तरह बस्तर को नक्सलमुक्त बनाया गया, उसी तर्ज पर इसे मलेरियामुक्त बनाने की दिशा में ठोस व सार्थक प्रयास करें।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

जिले में मलेरिया से तीन बच्चों की मौत के बाद प्रदेशभर में हडकंप मच गया, वहीं स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल ने गंभीरता दिखाते हुए स्थानीय जिला पंचायत के सभाकक्ष में मंगलवार 28 जुलाई को मलेरिया एवं मौसमी बीमारियों की रोकथाम तथा प्रबंधन पर आधारित संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक ली। अधिकारियों से कहा कि प्रतिकूल परिस्थितियों एवं भीषण गर्मी में बस्तर का स्वास्थ्य अमला पूरी शिद्दत व ईमानदारी के साथ मुख्यमंत्री स्वस्थ बस्तर अभियान को सफल बनाया।

उन्होंने टीम वर्क के साथ सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों से परस्पर समन्वय स्थापित कर प्राथमिक सेवाओं को निचले स्तर पर पहुंचाने की बात कही। साथ ही यह भी कहा कि जब तक मैदानी अमला पूरे समर्पण भाव से सक्रिय होकर अपनी विभागीय जिम्मेदारियों का समुचित निर्वहन नहीं करेगा, तब तक किसी भी अभियान की सफलता संभव नहीं है। स्वास्थ्य सेवाएं शासन की सर्वोच्च प्राथमिक सेवाओं में शामिल हैं। शासन ने अवसर तथा उत्तरदायित्व सौंपा है, उन्हें अवश्य पूर्ण करें। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि बस्तर में लगातार स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है तथा मलेरियामुक्त बस्तर का संकल्प भी जल्द ही पूरा होगा।

### जमीनी स्तर पर इलाज करना होगा

*स्वास्थ्य सचिव अमित कटारिया ने कहा कि बस्तर संभाग में मलेरिया की शिकायतें अन्य संभाग से अधिक मिलती हैं, इसलिए कोई भी गांव, मजरा, टोला और पारा सर्वे से अछूता न रहे। उन्होंने मितानिनों की दवा पेटी में सभी आवश्यक दवाईयां अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराने तथा अनुपलब्धता की स्थिति में तत्काल डिमांड कर आपूर्ति सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। 15 दिनों में सभी जिलों के शत-प्रतिशत आश्रम-छात्रावासों में जाकर निर्धारित इंडेक्स के तहत स्क्रीनिंग कव्हरेज पूरा करने के लिए निर्देशित किया। विभाग का मैदानी अमला लगातार फील्ड में जाकर सैम्पल संग्रहित करें तथा पॉजीटिव रिपोर्ट आने पर तत्काल उपचार शुरू करें। बस्तर को मलेरियामुक्त करना है तो सिर्फ स्क्रीनिंग ही नहीं, जमीनी स्तर पर जाकर मरीजों का सघन उपचार भी करना होगा।*

**स्वास्थ्य मंत्री ने बस्तर संभाग के सअधिकारियों की बैठक में कहा**




### सर्वे करना जरूरी

*स्वास्थ्य संचालक डॉ. संजीव झा ने गांवों में जाकर 'डोर टू डोर' सर्वे के अलावा ग्रामीणों को जागरूक करने पर जोर दिया तथा स्थानीय लोगों के सहयोग से स्वास्थ्य केंद्रों में जाकर उपचार कराने के लिए प्रेरित करने की बात कही। सभी स्वास्थ्य अधिकारियों को मुख्यालय में रहने और राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की टीम को बेहतर ढंग से मोबिलाइज करने हेतु निर्देशित किया गया।*

### बैठक में ये रहे शामिल

*आयोजित बैठक में कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर सहित बस्तर संभाग के सभी सात जिलों के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, मलेरिया नोडल अधिकारी, डीपीएम, बीएमओ तथा संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।*

# रकम दोगुनी करने का झांसा 30 लाख की ठगी

**फोन-पे और नकद के जरिए ली रकम**
**बार-बार टालने के बाद पुलिस पहुंचा पीड़ित**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

तीन से चार माह में रकम दोगुनी करने का लालच एक धान व्यापारी को भारी पड़ गया। अधिक मुनाफे की उम्मीद में व्यापारी ने अपनी वर्षों की मेहनत की कमाई एक परिचित के भरोसे सौंप दी, लेकिन रकम वापस मांगने पर उसे केवल आश्वासन ही मिलता रहा। आखिरकार करीब 30 लाख रुपये की कथित ठगी का मामला कोरर थाने पहुंच गया, जहां पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कोरर थाना क्षेत्र के ग्राम परसोदा निवासी खेमलाल डडसेना ने ग्राम हाटकोंदल निवासी नंद कुमार भास्कर के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई है।




धान व्यापारी ने दर्ज कराई शिकायत

शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि वह खेती-किसानी के साथ वर्ष 2013-14 से धान खरीदी-बिक्री का व्यवसाय करता है। वर्ष 2024 में उसकी पहचान ग्राम जैसाकर्रा निवासी आत्माराम बारला से हुई। आत्माराम ने उसे नंद कुमार भास्कर से यह कहकर मिलवाया कि वह तीन से चार माह में निवेश की गई राशि दोगुनी कर वापस कर देता है। इस भरोसे में आकर शिकायतकर्ता ने अलग-अलग तिथियों में फोन-पे के माध्यम से कुल 99 हजार 89 रुपये तथा नकद 29 लाख 911 रुपये, यानी कुल 30 लाख रुपये आरोपी को दे दिए। शिकायत के अनुसार वर्ष 2025 में खरीफ और रबी सीजन के दौरान धान बिक्री से प्राप्त शेष राशि भी उसने इसी उम्मीद में आरोपी को सौंप दी। पीड़ित का कहना है कि अंतिम बार 25 मई 2026 को उसने आरोपी को 3 लाख रुपये नकद दिए थे। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि रकम वापस मांगने पर आरोपी लगातार आज-कल दे दूंगा कहकर टालता रहा और अंततः भुगतान नहीं किया।

**जुआ प्रकरण : दो कर्मचारी सस्पेंड, तीन संविदाकर्मी बर्खास्त**


# भानुप्रतापपुर के बीएमओ निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

स्वास्थ्य मंत्री के कांकेर दौरे से ठीक पहले स्वास्थ्य विभाग में बड़ी प्रशासनिक कार्रवाई ने पूरे महकमे में हड़कंप मचा दिया। राज्य शासन ने भानुप्रतापपुर के बीएमओ को निलंबित कर दिया, वहीं चारामा में जुआ खेलने वाले मामले में स्वास्थ्य विभाग के दो कर्मचारी को सस्पेंड और तीन को संविदा कर्मचारियों को बर्खास्त कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार भानुप्रतापपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती एक प्रसूता और उसके नवजात शिशु की उपचार के दौरान मौत के मामले ने प्रदेशभर का ध्यान अपनी ओर खींचा था। आरोप है कि प्रसूता दो दिनों तक इलाज के लिए अस्पताल में तड़पती रही, लेकिन ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने समय पर उपचार उपलब्ध नहीं कराया। शिकायत के अनुसार चिकित्सक ने अस्पताल नहीं आने की बात कही, जिससे समय पर समुचित चिकित्सा नहीं मिल सकी और प्रसूता को प्राइवेट अस्पताल के लिए रिफर कर दिया, जहाँ प्रसूता व नवजात दोनों की असमय मौत हो गई। मामले के सार्वजनिक होने और समाचारों में प्रमुखता से प्रकाशित होने के बाद राज्य शासन ने इसे अत्यंत गंभीरता से लिया।

लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की अवर सचिव दिव्या वैष्णव द्वारा जारी आदेश के अनुसार बीएमओ डॉ. सचिन्द्र कुमार गोटा को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम, 1966 के नियम 9(1)(क) के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। आदेश में कहा गया है कि निलंबन अवधि के दौरान डॉ. गोटा का मुख्यालय रायपुर रहेगा तथा वे सक्षम अधिकारी की पूर्व अनुमति के बिना मुख्यालय नहीं छोड़ सकेंगे। उन्हें नियमानुसार मूलभूत नियम-53 के अंतर्गत जीवन निर्वाह भत्ता प्रदान किया जाएगा।



### जुआं मामले में पांच सस्पेंड

*डीएमएफ की बैठक में इस मामले की गूंज होने के उपरांत जनप्रतिनिधियों के द्वारा कार्रवाई किए जाने की बात आने पर और हरिभूमि में मामला प्रकाशित होने के उपरांत स्वास्थ्य मंत्री के आने के पहले आरएचओ गोविंद जुर्री, प्रकाश सिन्हा और वाहन चालक को सस्पेंड कर दिया गया, वहीं एनएचएम में लेखा प्रबंधक धनंजय बंसोड़ और पीएडीए ईश्वर नेताम को बर्खास्त करने का आदेश स्वास्थ्य मंत्री के आने के पहले जारी किया गया।*

### शून्य सहिष्णुता का दिखा रूप

*स्वास्थ्य मंत्री के दौरे से पहले हुई इन ताबड़तोड़ कार्रवाइयों को स्वास्थ्य सेवाओं में अनुशासन, जवाबदेही और लापरवाही के प्रति 'शून्य सहिष्णुता' की नीति के रूप में देखा जा रहा है। विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों के बीच इन आदेशों के बाद व्यापक चर्चा का माहौल है।*

# अवैध अंग्रेजी वाइन सप्लाई करने वाला दूसरा आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

अवैध शराब कारोबार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए अवैध अंग्रेजी वाइन की आपूर्ति करने वाले दूसरे आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। थाना लोहत्तर के अपराध क्रमांक 08/2026, धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के प्रकरण में फरार आरोपी नवेश कुमार तिवारी उर्फ मंता तिवारी को जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी के मानपुर क्षेत्र से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

पुलिस से मिली जानकारी अनुसार 16 जुलाई को थाना लोहत्तर पुलिस ने दंडाईखेड़ा निवासी मंगतू राम टेकाम को गिरफ्तार किया था। पूछताछ के दौरान उसके मेमोरेंडम कथन



के आधार पर किराना दुकान की तलाशी ली गई, जहां से एक बैग में 15 शीशी अंग्रेजी गोवा शराब और 15 नग लिमाउंट बीयर सहित कुल 10.2 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब अनुमानित कीमत 4 हजार125 तथा बिक्री की 280 नकद राशि बरामद कर जप्त की गई थी। आरोपी को 17 जुलाई को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया था। पूछताछ में मंगतू राम टेकाम ने खुलासा किया कि वह यह ▶▶ शेष पेज 12 पर

**घर के आंगन में चल रहा था नशे का**

# 7 लीटर महुआ शराब व नकदी जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

अवैध शराब के कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए कोरर पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में थाना क्षेत्र के ग्राम सुरेली में पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर एक व्यक्ति को हाथ भट्ठी निर्मित महुआ शराब बेचते रंगे हाथ गिरफ्तार किया। कार्रवाई के दौरान आरोपी के कब्जे से 7 लीटर महुआ शराब और बिक्री की नकदी बरामद की गई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है।



पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 27 जुलाई को मुखबिर से जानकारी मिली कि ग्राम सुरेली निवासी 37 वर्षीय समारू राम कोमरा अपने घर के सामने आंगन में अवैध रूप से हाथ भट्ठी निर्मित महुआ शराब की बिक्री कर रहा है। जानकारी को गंभीरता से लेते हुए थाना कोरर पुलिस ने तत्काल टीम गठित कर बताए गए स्थान पर दबिश दी। पुलिस को देखकर आरोपी घबरा गया, लेकिन पुलिस ने उसे मौके पर ही पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 5 लीटर क्षमता की एक जरकीन तथा 2 लीटर की प्लास्टिक बोतल में कुल 7 लीटर हाथ भट्ठी निर्मित महुआ शराब बरामद हुई। इसके अलावा शराब बिक्री से ▶▶ शेष पेज 12 पर

### किसानों ने तकनीकी जांच और कार्रवाई की प्रशासन से की मांग

*विकासखंड में शासकीय निर्माण कार्यों की गुणवत्ता एक बार फिर सवालों के घेरे में है। ग्राम पंचायत दुर्गूकोंदल स्थित धान खरीदी केंद्र में करीब दो वर्ष पहले निर्मित टीना शेड तेज हवा का सामना भी नहीं कर सका। हाल ही में आई तेज आंधी में शेड की टीन चादरें उड़कर दूर जा गिरीं, जिसके बाद किसानों ने निर्माण कार्य में भारी अनियमितता और घटिया सामग्री के उपयोग का आरोप लगाते हुए पूरे मामले की निष्पक्ष तकनीकी जांच की मांग की है।*

# दो साल पहले लगाए गए टिन शेड उड़े धान खरीदी केंद्र के निर्माण पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्गूकोंदल

किसानों का कहना है कि धान खरीदी केंद्र में किसानों की सुविधा के लिए बनाए गए टिन शेड के निर्माण के दौरान गुणवत्ता मानकों का पालन नहीं किया गया। आरोप है कि शेड के लिए कम गुणवत्ता वाले पोल और पाइप लगाए गए तथा ढांचे पर कमजोर गुणवत्ता की टीन चादरों का उपयोग किया गया। निर्माण कार्य पूरा होने के बाद संबंधित एजेंसी और जिम्मेदार अधिकारियों ने गुणवत्ता की समुचित जांच नहीं की, जिसका परिणाम अब सामने आ रहा है।

स्थानीय लोगों के अनुसार यह टिन शेड लगभग दो वर्ष पूर्व तैयार किया गया था और निर्माण कार्य की फाइल भी बंद हो चुकी है, लेकिन हाल ही में तेज हवा चलते ही शेड की टिन चादरें अपनी जगह से उखड़कर दूर जा गिरीं। घटना के बाद किसानों में नाराजगी है। उनका कहना है कि यदि निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण होता तो सामान्य आंधी में इस तरह शेड क्षतिग्रस्त नहीं होता।



### गुणवत्ता का नहीं रखा गया ध्यान

*किसानों ने आरोप लगाया कि निर्माण कार्य के दौरान सरपंच, सचिव तथा संबंधित जिम्मेदार अधिकारियों ने गुणवत्ता की अनदेखी की। उनका कहना है कि सरकारी राशि से किए गए निर्माण कार्यों में यदि मानकों का पालन नहीं होगा तो इसका नुकसान सीधे ग्रामीणों और किसानों को उठाना पड़ेगा। किसानों ने आशंका जताई कि धान खरीदी के दौरान यदि इसी प्रकार की घटना होती तो जनहानि की संभावना से भी इंकार नहीं किया जा सकता था।*

### प्रशासन से की जांच मांग

*किसानों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि पूरे निर्माण कार्य की स्वतंत्र तकनीकी जांच कराई जाए। यदि जांच में घटिया निर्माण या अनियमितता की पुष्टि होती है तो संबंधित अधिकारियों, निर्माण एजेंसी तथा जिम्मेदार व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाए। इसके साथ ही क्षतिग्रस्त टीना शेड की तत्काल मरम्मत अथवा आवश्यकता पड़ने पर पुनर्निर्माण कराया जाए, ताकि आगामी धान खरीदी सीजन में किसानों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।*

**खबर संक्षेप**

### उइके के घर खिला ब्रह्म कमल, दर्शन करने उमड़े लोग



**केशकाल।** नगर निवासी सुनील उइके के घर दुर्लभ एवं धार्मिक महत्व का ब्रह्म कमल खिलने से लोगों में उत्सुकता का माहौल है। जैसे ही फूल खिलने की जानकारी आसपास के लोगों को मिली, बड़ी संख्या में लोग इसे देखने और दर्शन करने पहुंचने लगे। ब्रह्म कमल को भारतीय संस्कृति में अत्यंत पवित्र एवं शुभ माना जाता है। मान्यता है कि इस दुर्लभ पुष्प के खिलने से घर में सुख, समृद्धि और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। श्री उइके ने बताया कि ब्रह्म कमल का खिलना बेहद दुर्लभ होता है। इसकी मनमोहक सुगंध तथा सुंदरता सभी को आकर्षित करती है। देर रात खिलने वाले इस दिव्य पुष्प को देखने के लिए लोग उत्साहपूर्वक पहुंच रहे हैं।

### एनएचएम भर्ती की अंतिम मेरिट सूची जारी

**कोण्डागांव।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एनएचएम अंतर्गत विभिन्न संविदा पदों की भर्ती के लिए अंतिम मेरिट चयन सूची एवं प्रतीक्षारत अभ्यर्थियों की सूची जारी कर दी गई है। चयनित एवं प्रतीक्षारत अभ्यर्थियों को 31 जुलाई को प्रातः 10 बजे कलेक्टर कार्यालय, कोण्डागांव के भूतल स्थित सभागार में पदस्थापना स्थल की काउंसिलिंग के लिए उपस्थित होना होगा। भर्ती प्रक्रिया के तहत स्टाफ नर्स, आयुष मेडिकल ऑफिसर, नर्सिंग ऑफिसर, ब्लॉक अकाउंट मैनेजर, लैब टेक्नीशियन, कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर सीएचओ, फिजियोथेरेपिस्ट, डेंटल सर्जन, काउंसलर सहित विभिन्न पदों पर नियुक्तियां की जाएंगी। अंतिम मेरिट सूची एवं प्रतीक्षारत अभ्यर्थियों की सूची जिला प्रशासन की वेबसाइट तथा कलेक्टर कार्यालय एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय के सूचना पटल पर उपलब्ध करा दी गई है।स्वास्थ्य विभाग ने सभी चयनित एवं प्रतीक्षारत अभ्यर्थियों से निर्धारित तिथि एवं समय पर आवश्यक दस्तावेजों के साथ काउंसिलिंग में अनिवार्य रूप से उपस्थित होने की अपील की है।

### अवैध शराब सप्लाई करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**कांकेर।** अवैध शराब कारोबार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए अवैध अंग्रेजी शराब की आपूर्ति करने वाले दूसरे आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। थाना लोहत्तर के अपराध क्रमांक 08/2026, धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के प्रकरण में फरार आरोपी नवेश कुमार तिवारी उर्फ मंता तिवारी को जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी के मानपुर क्षेत्र से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार 16 जुलाई को थाना लोहत्तर पुलिस ने दंडाईखेड़ा निवासी मंगतू राम टेकाम को गिरफ्तार किया था। पूछताछ के दौरान उसके मेमोरेंडम कथन के आधार पर किराना दुकान की तलाशी ली गई, जहां से एक बैग में 15 शीशी अंग्रेजी गोवा शराब और 15 नग लिमाउंट बीयर सहित कुल 10.2 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब अनुमानित कीमत 4 हजार125 तथा बिक्री की 280 नकद राशि बरामद कर जप्त की गई थी। आरोपी को 17 जुलाई को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया था। पूछताछ में मंगतू राम टेकाम ने खुलासा किया कि वह यह अवैध शराब नवेश कुमार तिवारी उर्फ मंता तिवारी से लाकर अपनी किराना दुकान में बिक्री करता था। इसके बाद पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू की और लगातार प्रयासों के बाद उसे मानपुर क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया।

### युवक ने फांसी लगाकर दी जान, कारण अज्ञात

**कांकेर।** नरहरपुर थानांतर्गत श्रीगुहान निवासी 24 वर्षीय गेंद सिंह मंडावी पिता शिशुपाल मंडावी ने 26 जुलाई को फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। मृतक के पिता ने पुलिस को बताया कि मृतक ने टिकरा कि ओर महुआ पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

# राष्ट्रीय पुलिस अकादमी में एसपी चंद्रा ने लहराया परचम, देश के टॉप- 5 पुलिस अधिकारियों में बनाई जगह

## हाई अचीवमेंट अवार्ड से हैदराबाद में किए गए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फरसगांव

- कार्यकुशलता और नेतृत्व क्षमता को मिली राष्ट्रीय पहचान
- छत्तीसगढ़ पुलिस और विशेष रूप से कोंडागांव जिले के लिए भी गर्व का विषय

कोंडागांव जिले के पुलिस अधीक्षक पंकज चंद्रा ने एक बार फिर अपनी उत्कृष्ट कार्यशैली और नेतृत्व क्षमता का परिचय देते हुए राष्ट्रीय स्तर पर कोंडागांव और छत्तीसगढ़ पुलिस का गौरव बढ़ाया है। सरदार वल्लभभाई पटेल राष्ट्रीय पुलिस अकादमी हैदराबाद द्वारा आयोजित 48वें आईपीएस इंडक्शन ट्रेनिंग कोर्स में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उन्हें "हाई अचीवमेंट सर्टिफिकेट" से सम्मानित किया गया है।

जानकारी के अनुसार विगत 6 अप्रैल से 15 मई तक आयोजित इस प्रशिक्षण में देशभर के अधिकारियों की मूल्यांकन कक्षा में सहभागिता, केस स्टडी, अनुशासन, व्यवहार तथा एमसीक्यू परीक्षा के आधार पर किया गया। इन सभी मानकों पर शानदार प्रदर्शन करते हुए एसपी श्री चंद्रा ने देशभर के शीर्ष पांच अधिकारियों में स्थान प्राप्त किया। यह उपलब्धि केवल व्यक्तिगत सम्मान नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ पुलिस और विशेष रूप से कोंडागांव जिले के लिए भी गर्व का विषय है। राष्ट्रीय स्तर पर मिली यह पहचान बताती है कि उनकी कार्यशैली, प्रशासनिक दक्षता और रणनीतिक सोच को देश के सर्वोच्च पुलिस प्रशिक्षण संस्थान ने भी सराहा है।

### केशकाल घाटी के ट्रैफिक प्रबंधन का दिया प्रेजेंटेशन

एसपी श्री चंद्रा ने अपने प्रेजेंटेशन में कोंडागांव जिले की पहचान मानी जाने वाली केशकाल घाटी के ट्रैफिक प्रबंधन को विषय बनाया। उन्होंने बढ़ते यातायात दबाव , दुर्घटनाओं की रोकथाम और आपातकालीन परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए आधुनिक एवं दूरदर्शी ट्रैफिक मैनेजमेंट की विस्तृत कार्ययोजना प्रस्तुत की। जिसकी राष्ट्रीय पुलिस अकादमी के वरिष्ठ अधिकारियों एवं विशेषज्ञों ने सराहना की।



### अनेक क्षेत्रों में किए उल्लेखनीय कार्य

उल्लेखनीय है कि कोंडागांव जिले में पदस्थापना के दौरान एसपी श्री चंद्रा ने अपराध नियंत्रण, कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाने, साइबर अपराधों पर प्रभावी कार्रवाई, सामुदायिक पुलिसिंग और जनविश्वास बढ़ाने जैसे अनेक क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य किए हैं। उनकी योजनाबद्ध कार्यप्रणाली, त्वरित निर्णय क्षमता और टीम को साथ लेकर चलने की शैली ने जिले की पुलिसिंग को नई दिशा दी है।

## 703.07 लाख रुपए की लागत से बनेगी 5 किमी रोड और पुल-पुलिया

# 79 साल बाद भिरागांव को मिलेगी पक्की सड़क, विधायक लता ने किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| माकड़ी/कोण्डागांव



विकासखंड माकड़ी के ग्राम भिरागांव में आजादी के 79 वर्षों बाद पक्की सड़क निर्माण का सपना साकार होने जा रहा है। ग्राम भिरागांव से सड़क पारा बरकई तक 5 किलोमीटर लंबी सड़क एवं पुल–पुलिया निर्माण कार्य का भूमिपूजन संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं कोण्डागांव विधायक सुश्री लता उसेण्डी ने 703.07 लाख की लागत वाले निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। विधायक ने कहा कि सड़क, शिक्षा, पेयजल और अन्य बुनियादी सुविधाओं का विस्तार सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सड़क बनने से ग्रामीणों को आवागमन, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं का बेहतर लाभ मिलेगा। ग्रामीणों ने बताया कि बरसात के दौरान खराब सड़क के कारण आवागमन में भारी परेशानी होती थी। नई सड़क बनने से किसानों को उपज बाजार तक पहुंचाने, विद्यार्थियों को स्कूल आने–जाने और मरीजों को अस्पताल पहुंचने में सुविधा होगी।

**ग्रामीणों ने जताया विधायक का आभार** – ग्रामवासियों ने वषोंर् पुरानी मांग पूरी होने पर विधायक लता उसेण्डी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सड़क क्षेत्र के विकास और स्थानीय अर्थव्यवस्था को नई दिशा देगी। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष श्रीमती जुगबती पोयाम, जनप्रतिनिधि, पंचायत प्रतिनिधि, अधिकारी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### बड़े बेन्दरी में 36 लाख के विकास कार्यों की सौगात

**कोण्डागांव।** विकासखंड कोण्डागांव की ग्राम पंचायत बड़े बेन्दरी में 36.01 लाख रुपए की लागत से स्वास्थ्य एवं सामुदायिक सुविधाओं से जुड़े दो महत्वपूर्ण विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया गया। बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं कोण्डागांव विधायक सुश्री लता उसेंडी ने 28.51 लाख रुपए की लागत से बनने वाले उप स्वास्थ्य केंद्र भवन का



भूमिपूजन तथा 7.50 लाख रुपये की लागत से निर्मित सांस्कृतिक भवन का लोकार्पण किया। विधायक ने कहा कि उप स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण से बड़े बेन्दरी सहित आसपास के गांवों के लोगों को स्थानीय स्तर पर बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध होंगी। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक भवन ग्रामीणों के सामाजिक, सांस्कृतिक और सामुदायिक कार्यक्रमों के आयोजन का प्रमुख केंद्र बनेगा तथा गांव की गतिविधियों को नई पहचान देगा। सुश्री उसेंडी ने कहा कि राज्य सरकार स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क, पेयजल और अन्य बुनियादी सुविधाओं के विस्तार के लिए लगातार कार्य कर रही है। इन विकास कायोंर् से क्षेत्र के समग्र विकास को नई गति मिलेगी। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य श्रीमती रामदई नाग, जनपद अध्यक्ष श्रीमती अनिता कोर्राम, जनपद उपाध्यक्ष टोमेन्द्र सिंह ठाकुर, जनप्रतिनिधि, अधिकारी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## रोड पर रोज हो रहे हादसे गौवंशों को आ रही चोटें



हरिभूमि न्यूज ▸▸| केशकाल

नगर एवं आसपास की सड़कों पर आवारा गायों का जमावड़ा लगातार बढ़ता जा रहा है। मुख्य मार्गों और व्यस्त चौक-चौराहों पर गायों के बैठे रहने तथा अचानक सड़क पर आ जाने से आए दिन सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं। सबसे अधिक परेशानी दोपहिया वाहन चालकों को उठानी पड़ रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार वाहन चालक गायों को बचाने के प्रयास में अपना संतुलन खो बैठते हैं, जिससे दुर्घटनाएं हो रही हैं। रात के समय यह समस्या और भी गंभीर हो जाती है, क्योंकि अंधेरे में सड़क पर बैठी गायें आसानी से दिखाई नहीं देतीं। गाय के रोड पर रहने से कई बार वाहनों के चपेट मे मवेशी आ रहे हैं। जिससे कई गायों कि मौत हो जाती है या घायल हो जाती हैं। नगर पंचायत द्वारा इस विषय पर कार्रवाई कर रही है पर वह बेनतीजा रहता है। गाय फिर रोड पर ही दिखता है इस विषय पर गौप्रेमियों ने कहा कि गाय के मालिकों के द्वारा ध्यान न देने के कारण लावारिस जैसे गाय घूमती है जिसके कारण ही यह घटना ज्यादा हो रही है। नगरवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि आवारा मवेशियों के लिए उचित व्यवस्था की जाए। उन्हें सड़कों से हटाकर सुरक्षित स्थानों पर रखा जाए। ताकि सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लग सके और लोगों की जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

## 3 दिन के अल्टीमेटम पर खुला स्कूल का ताला

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फरसगांव

खबर लगातार

कोंडागांव जिले के माकड़ी विकासखंड के ग्राम अमोड़ीपारा राँधना स्थित शासकीय प्राथमिक शाला में शिक्षक की मांग को लेकर पालकों का आंदोलन फिलहाल प्रशासन के आश्वासन के बाद थम गया है।




सोमवार को विद्यालय में जड़ा गया ताला मंगलवार को तहसीलदार, बीईओ, बीआरसी एवं पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में पालकों से हुई चर्चा के बाद खोल दिया गया। प्रशासन ने तीन दिनों के भीतर विद्यालय में शिक्षक की समस्या का समाधान करने का भरोसा दिया। इसके बाद पालकों ने विद्यालय की चाबी प्रशासन को सौंप दी। हालांकि उन्होंने स्पष्ट कर दिया कि जब तक शिक्षक की व्यवस्था नहीं होती, तब तक वे अपने बच्चों को स्कूल नहीं भेजेंगे। यदि तीन दिनों के भीतर समस्या का समाधान नहीं हुआ तो पालक बच्चों के साथ उग्र आंदोलन करेंगे। पालकों का कहना है कि विद्यालय पिछले तीन वर्षों से शिक्षक संकट से जूझ रहा है। कई बार अधिकारियों को आवेदन और मांगपत्र देने के बावजूद स्थायी समाधान नहीं निकला। उनका आरोप है कि विद्यालय में मूल रूप से पदस्थ प्रधानपाठक श्रीमती गीता पांडे पिछले करीब नौ वर्षों से प्री-मैट्रिक कन्या छात्रावास हीरापुर में प्रभारी अधीक्षिका के रूप में कार्यरत हैं। ऐसे में विद्यालय में पढ़ाई प्रभावित हो रही है।

**प्रधानपाठक को मूल पद पर किया जाए पदस्थ**–पालकों ने मांग की है कि श्रीमती गीता पांडे को उनके मूल पद पर वापस पदस्थ किया जाए या उनकी जगह किसी अन्य शिक्षक की स्थायी नियुक्ति की जाए, ताकि बच्चों की पढ़ाई नियमित रूप से संचालित हो सके। उन्होंने कहा कि यदि प्रशासन अपने आश्वासन पर अमल नहीं करता है तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

## चारामा में नेचर पार्क के सामने ट्री एटीएम की स्थापना

**कांकेर।** हरित पर्यावरण को बढ़ावा देने एवं जनसहभागिता से पौधारोपण को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से वनमंडल कांकेर के अंतर्गत चारामा परिक्षेत्र में नेचर पार्क जैसाकर्रा चारामा के मुख्य प्रवेश द्वार के सामने ट्री एटीएम की स्थापना की गई है। इस अभिनव पहल के माध्यम से वर्षा ऋतु के वर्तमान रोपण सत्र में क्षेत्र के किसान, ग्रामवासी, विद्यार्थी, स्वयंसेवी संस्थाओं एवं इच्छुक नागरिकों को पौधे निःशुल्क उपलब्ध कराए जाएंगे, ताकि अधिक से अधिक वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण में जनभागीदारी सुनिश्चित की जा सके। ट्री एटीएम में स्थानीय जलवायु के अनुरूप विभिन्न प्रजातियों के फलदार, छायादार एवं औषधीय पौधे उपलब्ध कराए गए हैं। इच्छुक



व्यक्ति अपनी आवश्यकता के अनुसार पौधे प्राप्त कर उन्हें अपने खेतों, घरों, विद्यालयों, सार्वजनिक स्थलों एवं अन्य उपयुक्त स्थानों पर रोपित कर सकते हैं। चारामा परिक्षेत्र का यह ट्री एटीएम वन विभाग की जनहित एवं पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक अभिनव पहल है, जो पौधारोपण को सरल, सुलभ एवं जन-आंदोलन का स्वरूप प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## भाजयुमो प्रदेशाध्यक्ष टिकरिहा का कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फरसगांव

- 'ज्वाइन बीजेपी' अभियान को मिल रहा व्यापक समर्थन

भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिहा इन दिनों बस्तर दौरे पर हैं। इसी क्रम में सोमवार शाम वे कोंडागांव जिले के फरसगांव पहुंचे। उनके आगमन पर भाजपा युवा मोर्चा के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। कार्यक्रम का सफल आयोजन फरसगांव मंडल अध्यक्ष देवेंद्र निषाद के नेतृत्व में किया गया।

इस दौरान भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिहा ने कार्यकर्ताओं से संगठनात्मक गतिविधियों को लेकर चर्चा की और आगामी चुनावों को लेकर संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया।

मीडिया से चर्चा करते हुए राहुल टिकरिहा ने कहा कि 'ज्वाइन बीजेपी' अभियान के तहत बड़ी संख्या में लोग भारतीय जनता पार्टी से जुड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी के प्रति लोगों का विश्वास लगातार बढ़ रहा है। युवा वर्ग भी भाजपा से जुड़कर संगठन को मजबूत करने में अपनी भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा एवं विधानसभा चुनावों को लेकर पार्टी ने अभी से तैयारियां शुरू कर दी हैं। कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने और केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने की दिशा में सक्रियता से कार्य करने की बात कही। कार्यकर्ताओं ने आगामी चुनावों को लेकर संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत करने का संकल्प लिया।




### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष सेवकराम नेताम, उपाध्यक्ष विजय पोया, भाजयुमो जिला प्रभारी आदित्य पिपरे, सह प्रभारी शिल्पा साहू, मंडल प्रभारी वीरेंद्र बघेल, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रशांत पात्र, मंडल अध्यक्ष धनराज पांडे, महामंत्री प्रवीण राव, उपाध्यक्ष प्रवीण पाण्डे, भाजयुमो मंडल महामंत्री रामकुमार कोर्राम, मंत्री विवेक सिकदार , कपूर बैध, हेमंत नेताम, दीपक जायसवाल, योगेंद्र नेताम, सोनाली नेताम, रोहित मरकाम, कौशल शावरकर, निकितेश संगारी, सौरभ साह सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## शराब दुकान हटाने भीम आर्मी ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

**दुर्गूकोंदल।** शासकीय कन्या आवासीय विद्यालय एवं बालक छात्रावास के समीप संचालित विदेशी मदिरा दुकान को तत्काल अन्यत्र स्थानांतरित किए जाने की मांग को लेकर भीम आर्मी भारत एकता मिशन, जिला कांकेर ने तहसीलदार के नाम ज्ञापन सौंपा है। संगठन ने इसे छात्रहित, जनहित तथा सार्वजनिक सुरक्षा से जुड़ा गंभीर विषय बताते हुए प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई की मांग की है।



ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि विदेशी मदिरा दुकान से लगभग 100 मीटर की दूरी पर 200 सीटर शासकीय कन्या आवासीय विद्यालय तथा 100 सीटर शासकीय बालक छात्रावास संचालित हैं, जहां बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं रहकर अध्ययन कर रहे हैं। संगठन का कहना है कि प्रतिदिन सुबह लगभग 10 बजे से रात 10 बजे तक संचालित होने वाली इस दुकान के आसपास शराब पीने वालों की भीड़ लगी रहती है, जिससे नशे की हालत में शोर-शराबा, गाली-गलौज एवं अशांति का माहौल बनता है। इस स्थिति का प्रतिकूल प्रभाव विद्यालय एवं छात्रावास के शैक्षणिक वातावरण पर पड़ रहा है। विशेष रूप से छात्राओं की सुरक्षा, गरिमा एवं मानसिक शांति प्रभावित हो रही है तथा भविष्य में किसी अप्रिय घटना की आशंका से भी इनकार नहीं किया जा सकता। संगठन ने यह भी कहा कि शराब दुकान की मौजूदगी से विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं स्थानीय नागरिकों में भय और असुरक्षा का वातावरण निर्मित हो रहा है, जो शिक्षा के अनुकूल माहौल के विपरीत है।

संगठन ने प्रशासन से मांग की है कि मदिरा दुकान का तत्काल स्थल निरीक्षण कराया जाए और उसे विद्यालय एवं छात्रावास से दूर किसी उपयुक्त स्थान पर स्थानांतरित किया जाए। साथ ही विद्यार्थियों की सुरक्षा एवं शांतिपूर्ण शैक्षणिक वातावरण बनाए रखने के लिए आवश्यक प्रशासनिक एवं पुलिस व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा आवेदन पर समयबद्ध कार्रवाई कर संगठन को अवगत कराने का भी आग्रह किया गया है।

### गुरु पूर्णिमा महोत्सव आज, सेवानिवृत्त शिक्षकों का होगा सम्मान

**भानुप्रतापपुर।** श्री साई बाबा राधाकृष्ण मंदिर समिति भानुप्रतापपुर द्वारा बुधवार को गुरु पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन आज सुबह 10 बजे से किया जाएगा। कार्यक्रम में भगवान श्री साईनाथ महाराज का अभिषेक, विशेष पूजा, हवन-यज्ञ, महाप्रसाद वितरण तथा सेवानिवृत्त शिक्षकों का सम्मान समारोह होगा। मंदिर समिति के अध्यक्ष निखिल शिवहरे ने नगरवासियों और श्रद्धालुओं से सपरिवार उपस्थित होकर गुरु पूर्णिमा पर्व में सहभागी बनने एवं सद्गुरु का आशीर्वाद प्राप्त करने की अपील की है।

### जहर खाए युवक की इलाज के दौरान मौत

**कांकेर।** दुर्गुकोंदल थानांतर्गत मितानमरा निवासी 33 वर्षीय उमेश कुमार पिता लिखन का इलाज के दौरान 20 जून को मौत हो गया। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार मृतक ने जहर का सेवन कर लिया था। इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

**पेज 11 के शेष**

### *अवैध अंग्रेजी वाइन सप्लाई करने...*

*अवैध शराब नवेश कुमार तिवारी उर्फ मंता तिवारी से लाकर अपनी किराना दुकान में बिक्री करता था। इसके बाद पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू की और लगातार प्रयासों के बाद उसे मानपुर क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि अवैध शराब के कारोबार में संलिप्त लोगों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।*

### *7 लीटर महुआ शराब...*

*प्राप्त 100 रुपये नकद भी जब्त किए गए। जब्त शराब एवं नकदी की कुल अनुमानित कीमत 800 रुपये आंकी गई। पूछताछ के दौरान आरोपी शराब रखने और बेचने संबंधी कोई वैध दस्तावेज या लाइसेंस प्रस्तुत नहीं कर सका। इसके बाद पुलिस ने अवैध शराब और नकदी जब्त करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाईः थाना प्रभारी ने बताया कि क्षेत्र में अवैध शराब के निर्माण, परिवहन और बिक्री के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34 (2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की है।*

## सुकमा जिला पुलिस की बड़ी कामयाबी

# कोंटा में एक करोड़ का गांजा जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा/कोंटा

जिले में नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ पूरी गंभीरता और प्रतिबद्धता के साथ कार्रवाई कर रही है। अंतर्राज्यीय गांजा तस्करी में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। उक्त बातें पुलिस अधीक्षक मयंक गुर्जर ने गांजा तस्करी के संदर्भ में कही।

■ ओडिशा से राजस्थान जा रहा था मादक पदार्थ गांजा

पुलिस अधीक्षक मयंक गुर्जर के प्रभावी नेतृत्व, सटीक रणनीति और थाना कोंटा पुलिस की सतर्कता से सुकमा पुलिस ने अंतर्राज्यीय गांजा तस्करी के एक बड़े नेटवर्क का पर्दाफाश करते हुए बड़ी सफलता हासिल की है। योजनाबद्ध नाकाबंदी और त्वरित कार्रवाई के चलते पुलिस ने भारी मात्रा में अवैध गांजा जब्त कर तस्करों की बड़ी साजिश को विफल कर दिया।

### सप्लाई नेटवर्क पर है पुलिस की नजर

कार्रवाई के दौरान पुलिस ने 110 पैकेट अवैध गांजा 223 किलोग्राम एक क्रेटा कार, तीन मोबाइल फोन, नकद राशि तथा अन्य दस्तावेज और सामग्री जब्त की। जब्त संपत्ति का कुल अनुमानित मूल्य 1,27,26,600 बताया गया है। इस मामले में थाना कोंटा में एनडीपीएस एक्ट एवं भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। उन्हें न्यायालय में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है। पुलिस अब इस तस्करी से जुड़े सप्लाई नेटवर्क और अन्य संलिप्त लोगों की विस्तृत जांच कर रही है।





### वाहन में लगा था फर्जी नंबर प्लेट

कोन्टा पुलिस के पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे ओडिशा के मलकानगिरी क्षेत्र से गांजा खरीदकर राजस्थान में अधिक कीमत पर बेचने के उद्देश्य से उसकी तस्करी कर रहे थे। पुलिस से बचने के लिए वाहन में फर्जी नंबर प्लेट का इस्तेमाल किया जा रहा था, लेकिन थाना कोंटा पुलिस की मुस्तैदी के आगे उनकी चालाकी नहीं चल सकी।

### अंतर्राज्यीय नेटवर्क के मास्टरमाइंड की तलाश

जिले में अवैध गतिविधियों के खिलाफ लगातार प्रभावी अभियान चलाया जा रहा है। सीमावर्ती क्षेत्रों में कड़ी निगरानी और सघन जांच के कारण नशे के कारोबार पर लगातार शिकंजा कस रहा है। हालांकि इस कार्रवाई के साथ कुछ अहम सवाल भी सामने आते हैं। यदि आरोपी ओडिशा के मलकानगिरी से गांजा खरीदकर राजस्थान तक पहुंचाने का काम कर रहे थे, तो आखिर इस पूरे अंतर्राज्यीय नेटवर्क का मास्टरमाइंड या सरगना कौन है? मलकानगिरी में वह कौन तस्कर या गिरोह है जो इतनी बड़ी मात्रा में गांजे की आपूर्ति कर रहा है? क्या इसके पीछे कोई संगठित नेटवर्क सक्रिय है, जिसके तार कई राज्यों से जुड़े हुए हैं?

### पूरे नेटवर्क का भंडाफोड़ करना बड़ी चुनौती

जानकारों का मानना है कि केवल गांजा ले जा रहे कैरियरों की गिरफ्तारी से तस्करी पर पूरी तरह अंकुश लगाना संभव नहीं होगा। जब तक इस नेटवर्क के सरगना, सप्लायर, फाइनेंसर और खरीद-बिक्री की पूरी श्रृंखला का खुलासा कर उन पर कार्रवाई नहीं होती, तब तक अंतर्राज्यीय गांजा तस्करी का यह सिलसिला पूरी तरह रुक पाना मुश्किल होगा। ऐसे में इस मामले की गहन जांच कर पूरे नेटवर्क का भंडाफोड़ करना बड़ी चुनौती होगी।

### पड़ोसी राज्यों की पुलिस के साथ बनाएंगे समन्वय

पुलिस अधीक्षक मयंक गुर्जर ने कहा कि जिले में नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ पूरी गंभीरता और प्रतिबद्धता के साथ कार्रवाई कर रही है। अंतर्राज्यीय गांजा तस्करी में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। श्री गुर्जर ने कहा कि हमारी प्राथमिकता केवल वाहक को पकड़ना नहीं, बल्कि पूरे सप्लाई नेटवर्क, सरगना, फाइनेंसर और तस्करी से जुड़े प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचना है। सीमावर्ती क्षेत्रों में लगातार निगरानी बढ़ाई गई है और पड़ोसी राज्यों की पुलिस के साथ समन्वय स्थापित कर कार्रवाई की जा रही है।

## खबर संक्षेप

### बस्तर ब्लॉक के 7 स्कूलों में 325 बच्चों का नेत्र परीक्षण



**बस्तर।** कलेक्टर एवं सीएमएचओ के निर्देश पर जिले में संचालित नेत्र परीक्षण अभियान के तहत बस्तर ब्लॉक में सोमवार को बड़े पैमाने पर स्कूली बच्चों की आंखों की जांच की गई। बस्तर ब्लॉक बीएमओ डॉ. नारायण नाग के मार्गदर्शन में मुंडागांव सेक्टर अंतर्गत चेराकुर, गुमगा, कोलेबेडा सहित कुल 7 स्कूलों - हायर सेकेंडरी, हाईस्कूल एवं मिडिल स्कूलों में शिविर आयोजित किया गया। इस दौरान 325 बच्चों का नेत्र परीक्षण किया गया। नेत्र विशेषज्ञ एवं नोडल अधिकारी अंधत्व निवारण डॉ. सरिता थॉमस की देखरेख में आयोजित इस शिविर में बच्चों की आंखों की विस्तृत जांच के साथ-साथ उन्हें आंखों की देखभाल, साफ-सफाई एवं सावधानी बरतने के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी भी दी गई। जांच के उपरांत जरूरतमंद बच्चों को दवाइयां वितरित की गईं। परीक्षण में 13 छात्रों में दृष्टि दोष पाए जाने पर उन्हें तुरंत नंबर वाले चश्मे निशुल्क प्रदान किए गए, ताकि पढ़ाई में उन्हें कोई दिक्कत न हो। इस अवसर पर नेत्र सहायक अधिकारी तिलक नाग एवं अमृत राव सहित संबंधित स्कूलों के प्राचार्य व शिक्षक उपस्थित रहे।

### सेना में बस्तर रेजिमेंट के गठन की पहल स्वागत योग्य

**गीदम।** भाजपा जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता ने उप मुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा द्वारा भारतीय सेना में बस्तर रेजिमेंट के गठन हेतु केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को पत्र लिखे जाने तथा इस संबंध में रक्षा मंत्री द्वारा पत्र प्राप्त होने एवं विषय पर जांच विचार किए जाने की जानकारी का स्वागत किया है। उन्होंने ने कहा कि बस्तर के आदिवासी युवा सदैव अपनी वीरता, अनुशासन, राष्ट्रभक्ति और अदम्य साहस के लिए जाने जाते रहे हैं। नक्सल विरोधी अभियानों से लेकर देश की सुरक्षा तक बस्तर के युवाओं ने अपने शौर्य का परिचय दिया है। ऐसे में भारतीय सेना में बस्तर रेजिमेंट का गठन न केवल क्षेत्र के युवाओं को राष्ट्रसेवा का सुनहरा अवसर प्रदान करेगा, बल्कि बस्तर की गौरवशाली पहचान को राष्ट्रीय स्तर पर नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएगा। उन्होंने कहा कि यह पहल बस्तर के युवाओं में सेना के प्रति आकर्षण बढ़ाने, रोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराने तथा क्षेत्र में सम्मान, आत्मविश्वास और राष्ट्रीय एकता की भावना को और अधिक सुदृढ़ करेगी।



### 2 महीने से वेतन बंद, आर्थिक संकट से जूझ रहे डेनेक्स कर्मचारी

**दंतेवाड़ा।** कटेकल्याण स्थित डेनेक्स फैक्ट्री के कर्मचारियों ने पिछले दो माह से वेतन का भुगतान नहीं होने के कारण आज जिला पंचायत सदस्य तुलिका कर्मा के नेतृत्व में कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर लंबित वेतन का तत्काल भुगतान कराने की मांग की। कर्मचारियों ने कहा कि लगातार दो माह से वेतन नहीं मिलने के कारण उनके परिवारों के सामने गंभीर आर्थिक संकट खड़ा हो गया है और अब रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करना भी मुश्किल हो गया है।

समक्ष श्रीमान् नोटरी महोदय कांकेर,
जिला उ.ब. कांकेर छ.ग.

**// शपथ–पत्र //**

मैं जय श्री नेताम, सुपुत्र/पत्नि-स्व. छत्रपाल नेताम, निवासी-9 क, ग्राम-लखनपुरी, तहसील–चारामा, जिला-उ.ब. कांकेर (छ.ग.), 494336 एतद्द्वारा पूर्णतः पुष्टि करती हूँ और निम्नानुसार घोषित करती हूँ :-

01. मैं 9 क, ग्राम-लखनपुरी, तहसील-चारामा, जिला-उ.ब.कांकेर (छ.ग.), 494336 का स्थायी निवासी हूँ।
02. मैं अपने नाबालिग पुत्री का नाम-कुमारी कुमकुम नेताम (KUMARI KUMKUM NETAM), से बदलकर कुमकुम नेताम (KUMKUM NETAM) करवाना चाहती हूँ।
03. मैं अपने पुत्री का नाम बदलकर, यदि कोई, गैर कानूनी काम करती हूँ, तो उसके लिए स्वयं जिम्मेदार रहूँगी।
04. मेरी पत्नी/पति– को हमारी नाबालिग पुत्री के नाम बदलने में कोई आपत्ति नहीं है।
05. मैं यह शपथ पत्र अपने पूरे होशोहवास में रहकर हस्ताक्षर कर रही हूं तथा सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर रही हूं।

स्थान- कांकेर,
दिनांक-28.07.2026

शपथकर्ता
जय श्री

# गुरु रविदास जयंती पर देशभर में जनजागरण कलश यात्रा और होगा समरसता संवाद : महेश गागड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर



भारतीय जनता पार्टी अटल सदन कार्यालय प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री महेश गागड़ा ने कहा संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज की 650वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में देशव्यापी समरसता संकल्प अभियान चलाने की घोषणा की है। यह अभियान 29 जुलाई से प्रारंभ होकर 20

■ समरसता से विकसित भारत का संकल्प, वाराणसी से निकलेगी यात्रा

फरवरी 2027 तक देशभर में विभिन्न चरणों में आयोजित किया जाएगा। अभियान का उद्देश्य गुरु रविदास महाराज के समता, सामाजिक न्याय, मानवता, सेवा, सद्भाव और सामाजिक समरसता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना तथा विकसित भारत के निर्माण में समाज के प्रत्येक वर्ग की भागीदारी सुनिश्चित करना है। महेश गागड़ा ने बीजापुर स्थित पार्टी मुख्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में अभियान की जानकारी देते हुए कहा कि गुरु रविदास महाराज किसी एक समाज के नहीं, बल्कि सम्पूर्ण मानवता के संत हैं। उनके विचार आज भी सामाजिक समानता, आत्मसम्मान और राष्ट्रीय एकता के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। उन्होंने सभी संत-महात्माओं, सामाजिक संगठनों, जनप्रतिनिधियों, युवाओं, महिलाओं और विद्यार्थियों से इस अभियान में सक्रिय सहभागिता का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि अभियान की शुरुआत 29 जुलाई को गुरु पूर्णिमा के अवसर पर देशभर के मंदिरों में 51 हजार से अधिक दीप प्रज्ज्वलित कर की जाएगी। इसके साथ गुरु रविदास महाराज कलश वंदन अभियान के तहत वाराणसी स्थित जन्मस्थली से पवित्र मिट्टी और जल से भरे कलश देश के विभिन्न राज्यों, जिलों और मंदिरों तक पहुंचाए जाएंगे। इस दौरान भजन-कीर्तन, धार्मिक प्रवचन, दीप महोत्सव और सामाजिक समरसता के कार्यक्रम आयोजित होंगे।

इसके बाद 29 जुलाई से 31 अगस्त तक 'संत संपर्क अभियान' चलाया जाएगा, जिसमें गुरु रविदास परंपरा से जुड़े संतों, महंतों और धार्मिक संस्थाओं से संवाद कर उनका सम्मान किया जाएगा। वहीं 5 अक्टूबर से 5 नवंबर तक गुरु रविदास समरसता यात्रा निकाली जाएगी, जो वाराणसी तक पहुंचेगी और विभिन्न राज्यों से होकर गुजरेगी। अभियान के अंतिम चरण में 26 नवंबर से 15 जनवरी तक छात्र संपर्क अभियान आयोजित किया जाएगा। इसके अंतर्गत विद्यालयों और महाविद्यालयों में समरसता संवाद, चित्र प्रदर्शनी, संगोष्ठियां और प्रतियोगिताएं आयोजित कर युवाओं को गुरु रविदास महाराज के जीवन, दर्शन और सामाजिक समरसता के संदेश से जोड़ा जाएगा। भाजपा ने अभियान के सफल संचालन के लिए प्रदेश, जिला और मंडल स्तर पर समितियों का गठन शुरू कर दिया है। पार्टी का कहना है कि यह अभियान केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता, राष्ट्रीय एकता और विकसित भारत के निर्माण का व्यापक जनआंदोलन होगा, जो गुरु रविदास महाराज के अमर संदेश को जन-जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस प्रेस वार्ता में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्रीनिवास मुदलियार, जिला अध्यक्ष घासीराम नाग, जिला अध्यक्ष पंचायत जानकी कोरसा, जिला महामंत्री फूलचंद गागड़ा, मंडल अध्यक्ष अशोक राव,जिला मीडिया प्रभारी प्रताप यादव, जिला पंचायत सदस्य, जनपद पंचायत सदस्य सहित पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद थे।



# विद्यार्थियों व अभिभावकों ने किया पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छिंदबहार में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं ईको क्लब के संयुक्त तत्वावधान में वन महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. सजीवन कुमार कार्यराम समन्वयक राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य दीपक कुमार घोष ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में भुवनेश्वर लाल साहू प्रोफेसर, शमक, मोहन नायक, सरपंच सोनधर कश्यप, राष्ट्रीय सेवा योजना सलाहकार समिति के अध्यक्ष राजेंद्र त्रिपाठी तथा तुलाराम कश्यप उपस्थित रहे। कार्यक्रम अधिकारी प्रमोद कुमार मरावी के प्रयास से आर्ट ऑफ लिविंग परिवार के मोहन नायक सेवानिवृत्त एसडीओ द्वारा विद्यालय परिसर में रोपण हेतु 60 पौधे एवं उनकी सुरक्षा के लिए 8000 रू का जाली तार उपलब्ध कराया गया। मुख्य अतिथि डॉ. सजीवन कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना युवाओं को सफलता प्राप्त करने के असीम अवसर प्रदान करती है। आवश्यकता केवल सही दिशा पहचानकर निरंतर कार्य करने की है। उन्होंने युवाओं में सोशल मीडिया के बढ़ते प्रभाव पर चिंता व्यक्त करते हुए भ्रामक समाचार एवं फर्जी सामग्री से सावधान रहने की सलाह दी। साथ ही उन्होंने दुर्घटनाग्रस्त एवं बीमार व्यक्तियों की सहायता, रक्तदान तथा जरूरतमंदों की सेवा जैसे कार्यों को जीवन का महत्वपूर्ण दायित्व बताया। भुवनेश्वर लाल साहू ने कहा कि स्वयंसेवक अपने सेवा कार्यों को सोशल मीडिया के माध्यम से समाज तक पहुंचाकर अन्य लोगों को भी प्रेरित कर सकते हैं। उन्होंने सभी स्वयंसेवकों से अपने सेवा कार्यों को सीजी डैशबोर्ड पर अपलोड करने का आग्रह किया। डॉ. अखिलेश त्रिपाठी ने बढ़ती जनसंख्या के अनुपात में अधिक से अधिक वृक्षारोपण की आवश्यकता पर बल दिया। वहीं डॉ. तुलादास मानिकपुरी ने कहा कि पेड़-पौधे पर्यावरण एवं जलवायु संतुलन के आधार हैं, इसलिए प्रत्येक खाली स्थान पर वृक्षारोपण किया जाना चाहिए।

# गुरु रविदास महाराज की 650वीं जयंती पर भाजपा का समरसता संकल्प अभियान शुरू



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज की 650वीं जयंती के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित किए जाने वाले समरसता संकल्प अभियान, घर-घर तिरंगा एवं तिरंगा यात्रा कार्यक्रमों को लेकर सोमवार को सुकमा के अटल सदन में भाजपा जिलाध्यक्ष बारसे धनीराम ने प्रेसवार्ता आयोजित की।

प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष बारसे धनीराम ने कहा कि गुरु रविदास महाराज ने सामाजिक समरसता, समानता और मानवता का संदेश दिया। उनके विचार आज भी समाज को एकजुट करने और भेदभाव मिटाने की प्रेरणा देते हैं। भाजपा उनकी 650वीं जयंती

■ घर-घर तिरंगा और तिरंगा यात्रा के माध्यम से समाज को जोड़ने का आह्वान

को पूरे जिले में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से श्रद्धापूर्वक मना रही है।

उन्होंने बताया कि जयंती के अवसर पर जिलेभर में समरसता संकल्प अभियान, घर-घर तिरंगा अभियान तथा तिरंगा यात्रा आयोजित की जाएगी। इसके साथ ही छात्रावासों एवं आश्रमों में संत गुरु रविदास महाराज के जीवन, उनके आदर्शों और समाज सुधार में उनके योगदान पर विस्तार से जानकारी दी जाएगी, ताकि युवा पीढ़ी उनके विचारों से प्रेरणा ले सके। जिलाध्यक्ष ने प्रेसवार्ता के दौरान संत गुरु रविदास महाराज के जीवन दर्शन, सामाजिक चेतना और उनके संदेशों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि मीडिया के माध्यम से गुरु रविदास महाराज के विचार और उनका समरसता का संदेश अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचे, यही इस आयोजन का उद्देश्य है।


इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री विश्वराज सिंह चौहान, जिला उपाध्यक्ष दिलीप पेड्डी, आयताराम मंडावी, नगर पालिका अध्यक्ष हँगाराम मरकाम तथा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष एन. आनंद सहित भाजपा के कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित।

# हिरोली बनी एनएमडीसी बैलाडीला कबड्डी लीग सीजन-1 की चैंपियन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बचेली

नवरत्न कंपनी एनएमडीसी ने अपने नैगम सामाजिक उत्तरदायित्व सीएसआर के अंतर्गत आयोजित बैलाडीला कबड्डी लीग सीजन-1 का रविवार को एनएमडीसी टाउनशिप बचेली के हॉकी मैदान में रोमांचक मुकाबलों एवं समापन समारोह के साथ सफलतापूर्वक समापन हुआ। फाइनल मुकाबले में ग्रामीण खिलाड़ियों ने अनुशासन और खेल भावना का परिचय देते हुए उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन किया। हिरोली ग्राम पंचायत की टीम बैलाडीला कबड्डी लीग सीजन-1 की चैंपियन बनी। दुगेली की टीम को उपविजेता के खिताब से संतोष करना पड़ा। कलेपाल ने तीसरा स्थान किया हासिल। गामावाड़ा को चौथा स्थान मिला। उन्हें एनएमडीसी द्वारा 75 हजार रुपये का चेक पुरस्कार के तौर पर दिया गया। कलेपाल के खिलाड़ियों को एक लाख रूपये का चेक बतौर पुरस्कार व ट्रॉफी प्रदान की गई। उप विजेता टीम दुगेली को डेढ़ लाख रुपए का चेक पुरस्कार स्वरूप दिया गया। विजेता टीम सुदूर ग्राम हिरोली के खिलाड़ियों को दो लाख रुपए का चेक व ट्रॉफी बतौर पुरस्कार प्रदान की गई। इनके अलावा कंपनी प्रबंधन की ओर से प्रतियोगिता में भाग लेने वाली सभी टीमों को 50 हजार रुपए का प्राइज देने की घोषणा मंच से की गई।

साथ ही सभी 24 ग्राम पंचायतों के सरपंचों को भी स्मृति चिन्ह देकर आयोजन में उनके सहयोग के लिए सम्मानित किया गया।



















विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# वार्ड-वार्ड पहुंचे स्वास्थ्य मंत्री, मरीजों का थामा हाथ, कहा-इलाज में लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, चिकित्सा शिक्षा, पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक विकास मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल सिर्फ समीक्षा बैठक तक सीमित रहने के बजाय सीधे अस्पताल पहुंचे और मरीजों के बीच जाकर स्वास्थ्य सेवाओं की जमीनी हकीकत जानी। उन्होंने वार्डों में भर्ती मरीजों का हालचाल पूछा, परिजनों से उपचार व्यवस्था का फीडबैक लिया और चिकित्सकों को स्पष्ट संदेश दिया कि मरीजों को समय पर गुणवत्तापूर्ण इलाज उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता है। निरीक्षण के दौरान मंत्री ने कहा कि अस्पतालों में आने वाला प्रत्येक मरीज सम्मानजनक व्यवहार और बेहतर चिकित्सा सुविधा का अधिकारी है।

संभाग स्तरीय विभागीय समीक्षा बैठक के बाद स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल कोमलदेव शासकीय जिला चिकित्सालय पहुंचे, जहां उन्होंने विभिन्न वार्डों का निरीक्षण किया। इस दौरान हाल ही में शुरू हुई एमआरआई सेवा का अवलोकन करते हुए प्रतिदिन आने वाले मरीजों की संख्या और उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने अस्पताल परिसर में मौजूद मरीजों और उनके परिजनों से सीधे बातचीत कर उपचार, दवाइयों और अन्य स्वास्थ्य सेवाओं के संबंध में फीडबैक लिया। प्रथम तल स्थित आईपीडी वार्ड में स्वास्थ्य मंत्री ने भर्ती मरीजों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना। कांकेर विकासखंड के ग्राम बारदेवरी से उपचार के लिए आई कलावती प्रधान, ग्राम लेण्डारा की मलेरिया पीड़ित श्यामबाई यादव तथा प्रवीण तारम से उन्होंने व्यक्तिगत रूप से चर्चा की और उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। मरीजों से आत्मीय संवाद ने अस्पताल में मौजूद लोगों का ध्यान आकर्षित किया।

## जिला अस्पताल और एमसीएच का किया निरीक्षण





### निरीक्षण के दौरान यह भी रहे उपस्थित

*निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य सचिव अमित कटारिया, स्वास्थ्य संचालक डॉ. संजीव झा, कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर, मेडिकल कॉलेज कांकेर की डीन डॉ. यास्मीन खान, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.सी. ठाकुर सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, चिकित्सक एवं स्टाफ उपस्थित रहे।*

## खबर संक्षेप

### ब्लॉक सरपंच संघ अध्यक्ष शकुंतला ने जनपद सीईओ से की मुलाकात



**दुर्गूकोंदल।** दुर्गूकोंदल ब्लॉक सरपंच संघ की अध्यक्ष शकुंतला नरेटी ने जनपद पंचायत दुर्गूकोंदल के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सीईओ से सौजन्य मुलाकात कर ग्रामीण विकास एवं पंचायतों से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। इस अवसर पर उन्होंने पुष्पगुच्छ भेंटकर सीईओ का स्वागत करते हुए उनके सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं। बैठक में ग्राम पंचायतों में संचालित विकास कार्यों, शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा ग्रामीण क्षेत्रों की मूलभूत समस्याओं के त्वरित समाधान पर विस्तार से विचार-विमर्श हुआ। शकुंतला नरेटी ने कहा कि ग्राम पंचायतें ग्रामीण विकास की आधारशिला हैं और प्रशासन तथा जनप्रतिनिधियों के बेहतर समन्वय से योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक समय पर पहुंचाया जा सकता है। उन्होंने पेयजल, सड़क, स्वच्छता, मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना सहित अन्य विकास कार्यों में प्रशासनिक सहयोग बढ़ाने और पंचायत प्रतिनिधियों के साथ नियमित संवाद बनाए रखने की आवश्यकता पर बल दिया। जनपद सीईओ ने सरपंच संघ की पहल की सराहना करते हुए कहा कि जनपद प्रशासन सभी ग्राम पंचायतों के साथ समन्वय स्थापित कर पारदर्शी एवं प्रभावी ढंग से योजनाओं का क्रियान्वयन सुनिश्चित करेगा। उन्होंने पंचायतों की आवश्यकताओं और जनहित से जुड़े मामलों के त्वरित निराकरण का भरोसा दिलाया।

### नवपदस्थ थाना प्रभारी से पत्रकार संघ की सौजन्य भेंट



**अंतागढ़।** अंतागढ़ के नवपदस्थ थाना प्रभारी कोमल भूषण पटेल से पत्रकार संघ के प्रतिनिधिमंडल ने सौजन्य मुलाकात कर उनका स्वागत किया। इस दौरान क्षेत्र की कानून व्यवस्था, यातायात प्रबंधन तथा आमजन से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। पत्रकार संघ के सदस्यों ने नगर के प्रमुख चौक-चौराहों पर अव्यवस्थित पार्किंग, बाजार क्षेत्र में लगने वाले जाम और सड़क सुरक्षा संबंधी समस्याओं से थाना प्रभारी को अवगत कराया। साथ ही शांति व्यवस्था बनाए रखने, असामाजिक तत्वों पर प्रभावी कार्रवाई करने तथा पुलिस और आम नागरिकों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने के सुझाव भी दिए। थाना प्रभारी कोमल भूषण पटेल ने पत्रकारों द्वारा उठाए गए सभी मुद्दों को गंभीरता से सुनते हुए भरोसा दिलाया कि कानून व्यवस्था बनाए रखना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे तथा नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पुलिस पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेगी।

## केंद्र सरकार व भाजपा के खिलाफ की नारेबाजी

# नक्सली बैनर प्रकरण पर गरमाई सियासत कांग्रेसियों ने फूंका केंद्रीय गृहमंत्री का पुतला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजूर

■ पुलिस व कांग्रेस कार्यकर्ताओं में हुई झूमाझटकी

महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में जनपद सदस्य एवं भाजपा कार्यकर्ता शिवा मिस्त्री सहित अन्य लोगों की कथित तौर पर नक्सली बैनर लगाने के आरोप में गिरफ्तारी का मामला अब राजनीतिक रंग लेने लगा है। गिरफ्तारी के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पानावार बाजार में जोरदार प्रदर्शन करते हुए केंद्र सरकार और भाजपा के खिलाफ नारेबाजी की। इस दौरान केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का पुतला दहन किया गया। पुतला दहन के दौरान पुलिस और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच कुछ देर तक तीखी नोकझोंक और झूमाझटकी भी हुई, हालांकि पुलिस ने स्थिति को समय रहते नियंत्रित कर लिया।



प्रदर्शन को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेताओं ने कहा कि जो सरकार देश को नक्सलमुक्त बनाने का दावा कर रही है, उसी दल के जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ताओं का नाम कथित रूप से नक्सली गतिविधियों से जुड़े मामले में सामने आना गंभीर विषय है। नेताओं ने पूरे मामले की निष्पक्ष और पारदर्शी जांच कराने तथा दोषी पाए जाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि इस पूरे घटनाक्रम ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं, जिनका जवाब जनता जानना चाहती है। उनका कहना था कि कानून सभी के लिए समान होना चाहिए और किसी भी मामले की निष्पक्ष जांच के बाद ही सच्चाई सामने आनी चाहिए। उल्लेखनीय है कि गढ़चिरौली पुलिस ने हाल ही में भाजपा कार्यकर्ता एवं जनपद सदस्य शिवा मिस्त्री सहित कुछ लोगों को कथित रूप से नक्सली बैनर लगाने के आरोप में गिरफ्तार किया है। इसके बाद से यह मामला राजनीतिक बहस का विषय बन गया है और क्षेत्र में आरोप-प्रत्यारोप का दौर तेज हो गया है।

### प्रदर्शन में ये रहे शामिल

प्रदर्शन में सिद्धार्थ बड़ाई, सुप्रकाश मल्लिक, रूपसिंह पोटाई, अनिवास राय, सचिन मल्लिक, मन्नू कवाची, नीलकंठ खलसी, मिठू चक्रवर्ती, विश्वजीत सरकार सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### ऑनलाइन उपस्थिति से वेतन भुगतान के आदेश का शिक्षक संघ ने किया विरोध

**भानुप्रतापपुर।** छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ ने लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा ऑनलाइन उपस्थिति के आधार पर शिक्षकों एवं गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों का वेतन आहरित करने संबंधी 27 जुलाई के आदेश का तीव्र विरोध किया है। संघ का कहना है कि विद्या समीक्षा केंद्र वीएसके ऐप में मौजूद गंभीर तकनीकी खामियों और ग्रामीण क्षेत्रों की नेटवर्क समस्या को नजरअंदाज कर यह आदेश जारी किया गया है, जिससे शिक्षकों को अनावश्यक परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष टिकेश ठाकुर सहित समस्त पदाधिकारियों ने बताया कि कई स्कूलों में नेटवर्क उपलब्ध नहीं होने, लोकेशन एरर, चेक-इन दर्ज नहीं होने तथा चेक-आउट के समय पुनः चेक-इन दिखने जैसी समस्याएं लगातार सामने आ रही हैं। ऐसे में विद्यालय में उपस्थित रहने के बावजूद शिक्षकों की उपस्थिति दर्ज नहीं हो पाती। संघ का कहना है कि उपस्थिति पंजी और दैनिक डायरी जैसे प्रमाण होने के बावजूद शिक्षकों को अनुपस्थित मानकर वेतन रोकना अन्यायपूर्ण होगा। शिक्षक संघ ने सरकार से विद्यालयों में बायोमीट्रिक उपस्थिति प्रणाली लागू करने तथा उसके पूर्ण संचालन तक पारंपरिक उपस्थिति पंजी के आधार पर वेतन भुगतान जारी रखने की मांग की है। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि आदेश वापस नहीं लिया गया और समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो प्रदेशभर के शिक्षक आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

# अंतागढ़ को जिला बनाने हस्ताक्षर अभियान शुरू




हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंतागढ़

अंतागढ़ को जिला बनाने की वर्षों पुरानी मांग को लेकर मंगलवार से हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ किया गया। नगर के राजीव गांधी चौक नयापारा में आयोजित अभियान के पहले ही दिन एक हजार से अधिक लोगों ने हस्ताक्षर कर मांग का समर्थन किया। अभियान में युवाओं, व्यापारियों, महिलाओं, किसानों एवं नागरिकों ने भाग लिया। आयोजकों ने बताया कि अंतागढ़ को जिला बनाने की मांग लंबे समय से चली आ रही है। इसके लिए पूर्व में धरना-प्रदर्शन, चक्काजाम, रैली और भूख हड़ताल जैसे आंदोलन भी किए जा चुके हैं, लेकिन अब तक मांग पूरी नहीं हो सकी। इस बार युवाओं ने आंदोलन की कमान संभालते हुए जनसमर्थन जुटाने का अभियान शुरू किया है। आंदोलनकारियों ने बताया कि हस्ताक्षर अभियान नगर के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी चलाया जाएगा। एकत्रित हस्ताक्षरों के साथ राज्य शासन को ज्ञापन सौंपकर अंतागढ़ को जिला घोषित करने की मांग की जाएगी।

क्षेत्रवासियों का कहना है कि जिला बनने से कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक सहित विभिन्न विभागों के कार्यालय स्थापित होंगे, जिससे राजस्व, शिक्षा, स्वास्थ्य, पुलिस और अन्य प्रशासनिक सेवाएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध हो सकेंगी। साथ ही सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल और रोजगार के क्षेत्र में विकास को नई गति मिलेगी। आंदोलनकारियों ने इसे जनहित से जुड़ा शांतिपूर्ण लोकतांत्रिक अभियान बताते हुए अधिक से अधिक लोगों से इसमें शामिल होने की अपील की है। उन्होंने कहा कि मांग पूरी होने तक जनजागरण अभियान लगातार जारी रहेगा।

# नाबालिग को बहला-फुसलाकर चोरी कराने वाले गिरोह का एक और आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

नाबालिग को घूमने-फिरने का लालच देकर उसके ही घर से जेवरात और नकदी चोरी कराने वाले गिरोह के खिलाफ सिटी कोतवाली पुलिस को एक और बड़ी सफलता मिली है। मामले में लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी 25 वर्षीय दानिश अडवानी उर्फ आहद अडवानी को पुलिस ने गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी के सोने-चांदी के आभूषण एवं घटना में प्रयुक्त आईफोन-15 प्रो सहित करीब 1.50 लाख की संपत्ति बरामद की है।

पुलिस अधीक्षक निखिल अशोक कुमार राखेचा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक योगेश साहू के मार्गदर्शन तथा एसडीओपी मोहसिन खान के पर्यवेक्षण में सिटी कोतवाली पुलिस ने यह कार्रवाई की।



### जेवरात सहित अन्य सामान बरामद

बरामद संपत्ति में अल्लाह लिखा हुआ सोने का लॉकेट, सोने की अंगूठी, चांदी की एक जोड़ी पाजेब, चांदी का कमर में पहनने वाला गुच्छा, 10 नग चांदी की बिछिया तथा एक आईफोन-15 प्रो शामिल है, जिसकी कुल अनुमानित कीमत 1.50 लाख बताई गई है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र साहू, उप निरीक्षक मनोरथ जोशी, प्रधान आरक्षक गीतेश्वर कुलदीप तथा आरक्षक रोशन राठौर, ईश्वर साहू और रोमेश दीवान की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

पुलिस के अनुसार महादेव वार्ड निवासी शहनाज रिजवी ने 23 मार्च को थाना सिटी कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया था कि मोहल्ले के कुछ युवकों ने उनके नाबालिग पुत्र को बहला-फुसलाकर घूमने-फिरने का लालच दिया। इसके बाद नाबालिग ने पिछले लगभग दो माह के दौरान घर के लॉकर से सोने-चांदी के आभूषण और 1 लाख नकद निकालकर आरोपियों को दे दिए। शिकायत के आधार पर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 303(2) एवं 112(2) के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की। जांच के दौरान पुलिस ने पहले ही इस मामले के अन्य आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया था, जबकि दानिश अडवानी उर्फ आहद अडवानी फरार चल रहा था। लगातार तलाश के दौरान मुखबिर से जानकारी मिली कि आरोपी अपने घर महादेव वार्ड पहुंचा है। जानकारी पर उप निरीक्षक मनोरथ जोशी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने घेराबंदी कर आरोपी को हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपराध स्वीकार कर लिया। उसकी निशानदेही पर सोने-चांदी के आभूषण और घटना में प्रयुक्त आईफोन-15 प्रो बरामद किया गया। पुलिस ने आरोपी को 28 जुलाई को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड के लिए न्यायालय में पेश किया।

## बाइक ने साइकिल को मारी टक्कर, दस वर्षीय बालक घायल

**कांकेर।** थाना चारामा क्षेत्र के ग्राम चावड़ी में तेज रफ्तार और लापरवाही से चलाए जा रहे मोटरसाइकिल की चपेट में आने से 10 वर्षीय बालक घायल हो गया। घटना 12 जुलाई को सुबह करीब 11 बजे की बताई जा रही है। प्रार्थियां ग्राम चावड़ी निवासी गायत्री बाम्बेश्वर ने बताया कि उनका पुत्र 10 वर्षीय रियांस बाम्बेश्वर नाले की ओर खेलकूद कर साइकिल से सड़क किनारे अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान चारामा की ओर से आ रही मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 19 बीएम 3581 के चालक ने तेज एवं लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए बालक के दाहिने पैर को टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गया। घटना के बाद परिजनों ने बालक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चारामा में भर्ती कराया। प्राथमिक इलाज के बाद चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए उसे धमतरी स्थित हॉस्पिटल रेफर कर दिया, जहां दो दिनों तक उसका इलाज चला। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी वाहन क्रमांक सीजी 19 बीएम 3581 के चालक के खिलाफ धारा 125 (ए), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

# 200 से अधिक विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा का दिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और लोगों में सुरक्षित यातायात की आदत विकसित करने के उद्देश्य से कांकेर पुलिस ने भानुप्रतापपुर अनुभाग में ट्रीपल ई अभियान की शुरुआत की है। पुलिस अधीक्षक निखिल अशोक कुमार राखेचा के निर्देश पर चलाए गए इस विशेष अभियान में इंजीनियरिंग सुधार, यातायात नियमों का सख्त प्रवर्तन और जनजागरूकता को एक साथ जोड़कर सड़क सुरक्षा को नई दिशा देने का प्रयास किया गया।

अभियान के तहत भानुप्रतापपुर परिवहन संघ के सहयोग से क्षेत्र के लगभग 100 पेड़ों पर रेडियम स्टिकर लगाए गए, ताकि रात के समय सड़क किनारे के पेड़ स्पष्ट दिखाई दें और दुर्घटनाओं की आशंका कम हो। साथ ही दुर्घटना संभावित ब्लैक स्पॉट का निरीक्षण कर आवश्यक सुधार के लिए विस्तृत प्रतिवेदन तैयार किया गया। यातायात पुलिस और थाना भानुप्रतापपुर की संयुक्त टीम ने विभिन्न मार्गों पर विशेष वाहन जांच अभियान चलाकर हेलमेट नहीं पहनने, सीट बेल्ट का उपयोग न करने, ट्रिपल राइडिंग, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का इस्तेमाल, ओवरस्पीडिंग तथा शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की। इस दौरान वाहन चालकों को नशामुक्त एवं जिम्मेदार ड्राइविंग के लिए भी प्रेरित किया गया। शासकीय स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय भानुप्रतापपुर में आयोजित सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम में 200 से अधिक विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया। प्रोजेक्टर के माध्यम से विद्यार्थियों को यातायात नियमों, सुरक्षित वाहन संचालन और सड़क सुरक्षा के महत्व की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में राहवीर योजना की जानकारी देते हुए बताया गया कि सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को समय पर अस्पताल पहुंचाने वाले नागरिक को शासन की ओर से 25 हजार रूपएं की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है। साथ ही डायल-112 की त्वरित आपातकालीन सेवा एवं दुर्घटना पीड़ितों को शीघ्र उपचार उपलब्ध कराने की प्रक्रिया भी समझाई गई।



### बाल अपराध सहित अन्य जानकारी देकर किया जागरूक

इस अवसर पर महिला रक्षा टीम ने विद्यार्थियों को बाल अपराध, महिला संबंधी अपराध, गुड टच-बैड टच, साइबर सुरक्षा तथा अभिव्यक्ति ऐप के संबंध में विस्तार से जानकारी देकर जागरूक किया। कांकेर पुलिस ने नागरिकों से आव्हान की है कि वाहन चलाते समय हेलमेट एवं सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करें, नशे की हालत में वाहन न चलाएं, ओवरस्पीडिंग से बचें और यातायात नियमों का पालन कर स्वयं के साथ-साथ दूसरों के जीवन की सुरक्षा सुनिश्चित करें।




## एनएच-30 में हादसा, जैसाकर्रा के पास डिवाइडर-ट्रक से टकराई कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा

■ कार सवार दो महिलाएं सुरक्षित

राष्ट्रीय राजमार्ग-30 पर सड़क हादसों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। मंगलवार शाम करीब साढ़े 4 बजे जैसाकर्रा के पास एक कार अनियंत्रित होकर पहले डिवाइडर से टकराई और फिर सामने से आ रहे ट्रक से जा भिड़ी। हादसे में कार क्षतिग्रस्त हो गई, लेकिन कार में सवार दोनों महिलाओं की जान बाल-बाल बच गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कार क्रमांक सीजी 19 बीआर 7641 में दो महिलाएं सवार थीं। इनमें एक महिला शासकीय कर्मचारी हैं, जो अपनी ड्यूटी पूरी कर कांकेर लौट रही थीं। इसी दौरान अचानक कार के सामने एक ट्रक आ गया। ट्रक से बचने के प्रयास में चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया। परिणामस्वरूप कार पहले डिवाइडर से टकराई और फिर ट्रक से जा लगी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। हालांकि राहत की बात यह रही कि दोनों महिलाओं को कोई गंभीर चोट नहीं आई। घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल मौके पर पहुंचकर सहायता की और स्थिति को संभाला।

नेशनल हाईवे-30 पर लगातार सड़क दुर्घटनाएं सामने आ रही हैं। तेज रफ्तार, भारी वाहनों की लगातार आवाजाही तथा असावधानी के चलते हादसों की संख्या बढ़ती जा रही है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से हाईवे पर सुरक्षा के प्रभावी इंतजाम करने, संवेदनशील स्थानों पर आवश्यक संकेतक और यातायात नियंत्रण के उपाय बढ़ाने की मांग की है। साथ ही वाहन चालकों से भी गति पर नियंत्रण रखने और पूरी सतर्कता के साथ वाहन चलाने की अपील की गई है, ताकि इस तरह की घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके।







